भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 658

सोमवार, 02 दिसम्बर, 2024 (11 अग्रहायण, 1946, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

घरेलू हवाई यात्रियों के आंकडों का ब्यौरा

658. श्री राजेन्द्र गहलोत:
डा. मु. तंबी दुरै:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 में घरेलू हवाई यात्रियों के आंकडों का ब्यौरा क्या है तथा विगत पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष सर्वाधिकि यात्रियों वाले दस विमान पत्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उड़ान योजना के कार्यान्वियन के पश्चात घरेलू यात्रियों की संख्या में देखे गए अंतर का ब्यौरा क्या है और वर्तमान में देश में परिचालित विमान पत्तनों और हवाई पट्टियों की संख्या कितनी है; और

(ग) वर्ष 2019 में प्रत्येक वर्ष कितने वि मान पत्तनों और हवाई पट्टियों का निर्माण किया गया है और नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को और अधिक वहनीय बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा ले जाए गए घरेलू यात्रियों की संख्या और पिछले 05 वर्षों के दौरान सबसे अधिक घरेलू यात्रियों वाले शीर्ष दस हवाईअड्डे क्रमशः अनुलग्नक-I और II में संलग्न हैं।

(ख): क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)-उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) 21 अक्टूबर 2016 को शुरू की गई थी। अब तक 2.86 लाख उड़ानों में 146 लाख से अधिक घरेलू यात्रियों ने आरसीएस-उड़ान योजना के माध्यम से यात्रा की है। वित्त वर्ष 2016 से 2024 के दौरान अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा ले जाए गए घरेलू यात्रियों का ब्यौरा अनुलग्नक-III में संलग्न है।

(ग): वर्ष 2019 से 08 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे, नामत: कलबुरगि, ओरवाकल (कुर्नूल), सिंद्धुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर (होलोंगी), मोपा, शिवमोग्गा और राजकोट (हीरासर) का निर्माण/प्रचालन किया गया है।

आरसीएस-उड़ान योजना का उद्देश्य देश में असेवति और अल्पसेवित हवाईअड्डों से क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ाना तथा आम जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाना है। उड़ान एक बाजार संचालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें, विशेष मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, 'उड़ान' योजना के अंतर्गत बोली लगाने के समय अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं।

पिछले आठ वर्षों के दौरान, आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत दिनांक 25.11.2024 तक 86 असेवति और अल्पसेवित हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 13 हेलीपोर्टों और 02 वाटर एरोड्रमों सहित 609 हवाईअड्डों को प्रचालनरत किया जा चुका है।

******

अनुलग्नक-I

यात्री (संख्या में) और भारतीय प्रचालकों द्वारा अनुसूचित घरेलू परिचालन की वृद्धि दर		
वित्त वर्ष	**यात्री (संख्या में)**	**वृद्ध दिर (% में)**
2019-20	141,202,237	0.6
2020-21	53,330,502	(62.2)
2021-22	84,184,459	57.9
2022-23	136,028,656	61.6
2023-24	153,674,310	13.0

अनुलग्नक – II

वित्त वर्ष 2019 से 25 तक शीर्ष 10 हवाई अड्डे (संख्या के अनुसार) घरेलू यात्री						
हवाई अड्डा शहर	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-2023**	**2023-24**	**2024-25 (अप्रैल-सितंबर)**
दिल्ली	19,707,493	19,707,493	16,614262	25,185,405	27,050,191	13,981,405
मुंबई	10,011,053	10,011,053	9,3871466	16,629,522	19,143,042	91516,253
बेंगलुरु	10,541,780	10,541,780	7,590,337	13.920,156	16,315,041	8,657,109
हैदराबाद	7,781,232	7,781,232	5,619,226	8,734,990	10,388,498	5,677,880
कोलकाता	7,643,253	7,643,253	5,280 601	7,803,447	8525,960	4,480,169
चेन्नई	4,926,238	4,926,238	3,979,235	6,846 419	7,596 548	3,947,817
अहमदाबाद	3,462,596	3,462,596	2,617,032	4,373,049	4,924,868	2,563,021
पुणे	2,183,190	2,183,190	1,901,565	4,060,427	4,762,182	2,536,105
डाबोलिम	2,822,708	2,822,708	2639,323	4,004,759	3,241,138	1,5801419
गुवाहाटी	2,382,693	2,382,693	1,708,442	2,592,078	2,957,979	1,496,382

अनुलग्नक - III

यात्री (संख्या में) और भारतीय प्रचालकों द्वारा अनुसूचित घरेलू परिचालन की वृद्धि दर		
वित्त वर्ष	**यात्री (संख्या)**	**वृद्धि दर (% में)**
2016-17	103,748,814	21.8
2017-18	123,315,916	18.9
2018-19	140,333,572	13.8
2019-20	141,202,237	0.6
2020-21	53,330,502	(62.2)
2021-22	84,184,459	57.9
2022-23	136,028,656	61.6
2023-24	153,674,310	13.0